भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 3941

उत्तर देने की तारीखः 25.03.2025

अनुसूचित जातियों का कल्याण

3941. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान बाड़मेर, जैसलमेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा जिलों में अनुसूचित जातियों के उत्थान के लिए कार्यान्वित छात्रवृत्तियों, आवासीय विद्यालयों और कौशल विकास कार्यक्रमों सहित शैक्षिक पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त जिलों में स्टैंड-अप इंडिया जैसी अनुसूचित जाति उप-योजना और अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है और उक्त जिलों में लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त जिलों में अनुसूचित जाति समुदायों को शिक्षा, स्वास्थ्य परिचर्या अथवा रोजगार आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के संदर्भ में पेश आ रही विशिष्ट चुनौतियों की पहचान की है और यदि हां, तो उनके समाधान के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ड.) आगामी वर्षों में उक्त जिलों में अनुसूचित जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजना अथवा योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री बी.एल. वर्मा)

(क) से (ड.): सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा जिलों सहित पूरे भारत में विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित करता है। ये योजनाएं अनुसूचित जातियों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थितियों में सुधार लाने के उपाय हैं।

पिछले पांच वर्षों के दौरान देश भर में इन योजनाओं के अंतर्गत जारी की गई निधियों का विवरण **संलग्नक** में दिया गया है।

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3941, जो 25.03.2024 को उत्तर देने के लिए नियत है, के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

पिछले पांच वर्षों के दौरान बाड़मेर, जैसलमेर संसदीय क्षेत्र सहित पूरे भारत में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जारी की गई निधियों का विवरण

<u>संलग्नक</u>

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	कार्यक्रम/योजनाएं	जारी की गई निधियां				
		2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	अनुसूचित जातियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति	2711.31	4010.16	1978.56	4392.5	5476.22
2	अनुसूचित जातियों के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति	352.7	569.52	570.39	208.62	446.64
3	अस्वच्छ व्यवसाय में लगे लोगों के बच्चों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति	29.4	26.81			
4	अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप	246.66	119			
5	अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति	32.76	33.09	वित्त वर्ष 2021-22 से योजनाओं का श्रेयस-एससी योजना में विलय		
6	अनुसूचित जातियों के लिए उच्च श्रेणी की शिक्षा	39.7	52.88			
7	अनुसूचित जातियों और पिछड़ी जातियों के लिए निःशुल्क कोचिंग	13.26	11.97			
8	श्रेयस- एससी	वित्त वर्ष 2021-22 से योजना शुरू हुई		271.21	293.77	363.30
9	प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना	717.96	216.52			
10	बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना	25	56.4	वित्त वर्ष 2021-22 से योजनाएं पीएम-अजय योजना में विलय की गई		
11	अनुसूचित जाति उप-योजना के लिए विशेष केंद्रीय सहायता	1114.73	387			
12	प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय)	वित्त वर्ष 2021-22 से शुरू		1820.32	164	471.12
13	सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 और अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के प्रवर्तन के लिए तंत्र को मजबूत करना	619.64	593.39	610.11	390.85	535.18
14	अनुसूचित जाति के लिए वेंचर कैपिटल फंड	160	30	70	35	22
15	अनुसूचित जाति के लिए प्रधान मंत्री दक्षता और कुशलता सम्पन्न हितग्राही (पीएम दक्ष) योजना	वित्त वर्ष 2021-22 से शुरू		33.21	8.9	32.74

उपर्युक्त योजनाओं में से नीचे उल्लिखित योजनाओं के लिए निर्वाचन क्षेत्रवार डेटा उपलब्ध हैं:

(रु. लाख में)

वर्ष	जारी की गई निधियां			
	अनुसूचित जातियों एवं अन्य के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना		अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	
	बाड़मेर	जैसलमेर	बाड़मेर	जैसलमेर
2021-22	-	-	154.76	229.16
2022-23	0	0	374.41	347.75
2023-24	62.24	9.63	486.38	121.23

*****